पायल जैन बनाम तहसीलदार अजमेर व अन्य

अपील/एल.आर. 75/नं0/785/2020

ीख हुक्म	2020/00785 हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी0 अधि0–दिलीप शर्मा	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए।
18-10-2021	पत्रावली आज अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील विड्रो के प्रार्थना पत्र दिनांकित 18.10.2021 के आधार पर पेश हुई है। अपीलार्थी अभिभाषक उपस्थित। पत्रावली में आगामी पेशी दिनांक 27.10.2021 रेकार्ड व प्रत्यर्थीगण की तलबी हेतु नियत है। अपीलार्थी के अभिभाषक ने आज ही पत्रावली तलब कर अपील को नोट प्रेस करने का निवेदन किया। अपील नोट प्रेस के प्रार्थना पत्र पर अपीलार्थी अभिभाषक को एकतरफा सुना गया। अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा कमोबेश प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया गया कि उक्त प्रकरण में बड़े बुजुर्गो की समझाईश से आपसी समझौता हो चुका है तथा प्रार्थीगण अप्रार्थी कपिल माहेश्वरी के पूर्वजो के हक में निष्पादित की गई वसीयत से सहमत है एवं उक्त वसीयत पूर्व से उनकी जानकारी एवं ज्ञान में है इसलिये उनके विरूद्ध कोई अनुतोष नहीं चाहते है। राजस्व अपील प्राधिकारी द्वारा पारित आलौच्य आदेश दिनांक 28.05.2019 से प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण सहमत है इसलिये इस अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है व विड्रो कर नोट प्रेस करना चाहते है। अन्त में उनके द्वारा अपील नोट प्रेस के प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर अपील को न्यायहित में नोट प्रेस के आधार पर खारिज किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया। अतः अपीलार्थीगण/प्रार्थीगण अभिभाषक का प्रार्थना पत्र वास्ते अपील नोट प्रेस किये जाने का दिनांकित 18.10.2021 स्वीकार योग्य होने से न्यायहित मे स्वीकार किया जाता है। अपीलार्थीगण भी अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। अतः विड्रो व नोट प्रेस के आधार पर अपील अपीलार्थीगण खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। (डॉ. वीना प्रधान) संभागीय आयुक्त, अजमेर	Id by me 18/10/2021

Scanned with CamScanner